नगरायुक्त ने लगाए वृक्ष

शेखर टाइम्स संवाददाता/ शाहजहांपुर। नगरायुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षरोपण किया गया। नगर निगम ने पर्यावरण दिवस पर करीब 1000 पेड़ लगाए। अगामी बारिश के मौसम में प्रमुख सचिव द्वारा प्रदेश में वृक्षारोपण के लिए 30 करोड़ पेड़ों का लक्ष्य रखा

गया है। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों के विभिन्न विभागों को लक्ष्य आवंटित कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक जुलाई के पहले या दूसरे हफ्ते से बैठक का दौर चालू हो जायेगा और जनपद में वृक्षारोपण की शुरूआत कर दी गयी। वैसे तो विश्व पर्यावरण दिवस पर ही वृक्षारोपण की शुरूआत हो गयी है लेकिन लक्ष्य के सापेक्ष पेड़ लगाने की शुरूआत जल्द की जायेगी। पर्यावरण के शुभअवसर पर न्यू सिटी (ककरा) में प्रस्तावित नवीन नगर निगम कार्यालय की पॉच मंजिला बिल्डिंग बनाये जाने की घोषणा वित्त मंत्री द्वारा शनिवार को कर दी गयी। अब जल्द जनपद को नवीन नगर निगम प्राप्त होगा।